# BABA PSYCHQ

(A Unit of Kamal Lok Kalyan Samiti)

30 July 2023

Follow us on



B.N. Dubey
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS

## GK BOOSTER

SSC | BANK | RAILWAY | AIRFORCE

NAVY | NDA | पुलिस | Other Competitive Exam


Save this Number
9431436233
For Daily Current Affairs /PDF Notes/Job Notifications

Address : Dalluchak, Near Dr. Keshav Babu's Clinic, Khagaul, Patna

Contact : 9431436233, 9304291333

## 30 जुलाई का इतिहास

- **1909 :** राइट भाईयों ने सेना के लिए पहला विमान बनाया था।
- **1930 :** जर्मन की सेना ने बेलारूस के मिंस्क में 25000 यहूदियों की हत्या की।
- **1930 :** एनबीसी रेडियो पर देथ वैली डेज का पहला प्रसारण हुआ।
- **1982 :** सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- **2002 :** कनाडा ने अलकायदा सहित सात संगठनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया।
- **1909 :** राइट भाईयों ने सेना के लिए पहला विमान बनाया था।

## 30 जुलाई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन को 11 अगस्त को मेलबर्न के 14वें भारतीय फिल्म महोत्सव के वार्षिक पुरस्कार समारोह में भारतीय सिनेमा के राइजिंग ग्लोबल सुपरस्टार पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार विक्टोरिया के राज्यपाल द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा, जो कार्तिक की उल्लेखनीय उपलब्धियों और भारतीय सिनेमा की दुनिया पर उनके महत्वपूर्ण प्रभाव को मान्यता देता है। यह महोत्सव भारतीय सिनेमा की विविधता और समृद्धि का जश्न मनाता है, वैश्विक दर्शकों के लिए भारतीय फिल्म निर्माताओं की प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रदर्शित करता हैं।
- अमेरिकी कंपनी मेटा ने कहा कि वो वॉट्सऐप से व्यापार पहल का विस्तार कर रही हैं। दिग्गज टेक कंपनी कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के साथ मिलकर 1 करोड़ लोक ट्रेडर्स को डिजिटल बनाएगी। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स और ग्लोबल टेक कंपनी मेटा के मालिकाना हक वाला इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पार्टनरशिप के तहत काम करेंगे। दोनों साथ मिलकर देश में 1 करोड़ लोकल व्यापारियों को डिजिटल रूप से प्रशिक्षित और स्किल्ड करेंगे।
- केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने आईआईएम-कोझीकोड के निदेशक देबाशीष चटर्जी द्वारा कृष्णा-द 7वीं सेंस के मलयालम अनुवाद का विमोचन किया। उन्होंने उन्होंने श्री चटर्जी की कृति कर्म सूत्र लीडरशिप एंड विजडम इन अनसर्टेन टाइम्स के नवीनतम संस्करण का भी अनावरण किया, जो नए प्रबंधकों के लिए आईआईएम पेंगुइन श्रृंखला की प्रमुख पुस्तक हैं।
- राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी पहल लाड़ली बहना योजना के दूसरे चरण के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस साल शुरू की गई इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना हैं। पात्र महिलाएं अब पांच अलग-अलग स्थानों से आवेदन कर सकती है, ओर अधिक महिलाओं और बेटियों को इसका लाभ देने के लिए इस बार पात्रता मानदंडों में ढील दी गई हैं। यह मध्य प्रदेश सरकार की योजना सुनिश्चित करती है कि पात्र सदस्यों को प्रत्येक महीने की 10 तारीख को उनके बैंक खातों में 1000 रूपये मासिक हस्तांतरण प्राप्त हो, जिससे उनकी वितीय स्थिरता और स्वतंत्रता और बढ़ जाए।
- पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड ने एशिया ट्रांजिशन फाइनेंस स्टडी ग्रुप में पहला भारतीय भागीदार बनकर एक मील का पत्थर हासिल किया है, जो एशियाई देशों में टिकाऊ ट्रांजिशन फाइनेंस को बढ़ावा देने के लिए जापानी अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय की पहल है। इस पहल का हिस्सा बनकर, पीएफसी न केवल भारत के परिप्रेक्ष्य में योगदान देगा बल्कि कुशल ऊर्जा संक्रमण वितपोषण की सुविधा के लिए नीतिगत विचार तैयार करने में भी सहयोग करेगा।
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कुरनूल में भगवान श्री राम की 108 फीट ऊंची प्रतिमा की आधारशिला रखी। आंध्रप्रदेश के कुरनूल के मंत्रालय गांव में 500 करोड़ रूपये से अधिक की लागत से भगवान श्री राम की भव्य प्रतिमा बनाई जाएगी। मंत्रालयम में भगवान श्री राम की 108 फीट ऊंची प्रतिमा पूरे विश्व को सनातन धर्म का संदेश देगी। इससे देश-दुनिया में वैष्णव परंपरा को मजबूत करने में भी मदद मिलेगी।
- गुजरात के पहले ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का उद्धघाटन पीएम मोदी ने राजकोट के पास हीरासर में किया। 1405 करोड़ की लागत से 1500 एकड़ क्षेत्र में बने इस हवाई अड्डे का नाम बदलकर राजकोट अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा कर दिया गया हैं। हीरासर में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा सौराष्ट्र क्षेत्र की वाणिज्यिक राजधानी राजकोट शहर से 30 किमी दूर है।
- अमेरिकी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर ने नया लोगो लॉन्च किया हैं। इसने अपनी वेबसाइट से ब्लू बर्ड को हटा दिया हैं। ट्विटर की साइट ने अपना नया लोगो, काले रंग की पृष्ठभूमि पर एक सफद एक्स दिखाया हैं। नए लोगों का अनावरण ट्विटर के मालिक एलन मस्क और इसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी लिंडा याकारिनो ने किया।
- वैज्ञानिकों ने एक ड्रोन फुटेज से प्राप्त वीडियो से रूस के सुदुर पूर्व में स्थित दुनिया के सबसे बड़े पर्माफ्रॉस्ट क्रेटर के बारे में आश्चर्यजनक खुलासा किया हैं। यह क्रेटर बटागाइका क्रेटर हैं। उनके अनुसार यह पर्माफ्रॉस्ट पृथ्वी के गर्म होने के कारण पिघल रहा है, जिसके कारण वैज्ञानिकों की चिंताएं बढ़ गई है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स



**1. चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण के बाद मिशन PSLV-C56 को श्रीहरिकोटा से कब प्रक्षेपित किया जाएगा ?**

(A) 29 जुलाई (B) 30 जुलाई

(C) 31 जुलाई (D) 1 अगस्त

**(B)** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण के बाद अब नया मिशन लॉन्च करने की तैयारी में हैं। इसे 30 जुलाई को श्रीहरिकोटा के पहले लॉन्च पैड से प्रक्षेपित किया जाएगा। PSLV-C56 छह सह-यात्री उपग्रहों सहित सिंगापुर के DS-SAR उपग्रह को लेकर जाएगा। यह 360 किलोग्राम वजन के DS-SAR सैटेलाइट को 5 डिग्री झुकाव और 535 किलोमीटर की ऊंचाई पर निकट-भूमध्यरेखीय कक्षा में लॉन्च करेगा।




**2. गुजरात 2024 में फिल्मफेयर पुरस्कारों के कौनसे संस्करण की मेजबानी करेगा ?**

(A) 69वें (B) 70वें

(C) 71वें (D) 75वें

**(A)** गुजरात 2024 में फिल्मफेयर पुरस्कारों के 69वें संस्करण की मेजबानी करेगा, और इस कार्यक्रम की मेजबानी करने और राज्य को फिल्म गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार के पर्यटन सहयोग ओर वर्ल्डवाइड मीडिया के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।



**3. हाल ही में किस राज्य में मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना लागू होगी ?**

(A) राजस्थान (B) कर्नाटक

(C) ओडिशा (D) उत्तर प्रदेश

**(D)** उत्तर प्रदेश का कृषि विभाग पूरे राज्य में किसानों के कल्याण के लिए मुख्यमंत्री खेत सुरक्षा योजना को लागू करने की तैयारी कर रहा हैं। इस योजना में जानवरों को नुकसान पहुंचाए बिना रोकने के लिए कम 12 वोल्ट करंट वाली सौर बाड़ की स्थापना शामिल है। जब जानवर बाड़ के संपर्क में आएंगे, तो हल्का झटका लगेगा और एक सायरन बजेगा, जो प्रभावी रूप से नीलगाय, बंदर, सूअर और जंगली सूअर जैसे जानवरों को खेतों में फसल को नुकसान पहुंचाने से रोकेगा।



**4. हाल ही में किस राज्य के मुख्यमंत्री ने 1000 रूपये मासिक सहायता योजना का लाभ उठाने हेतु आवेदकों के लिए पंजीकरण शिविर का उद्घघाटन किया ?**

(A) तेंलगाना (B) तमिलनाडु

(C) महाराष्ट्र (D) छत्तीसगढ़

**(B)** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने 1000 रूपये मासिक सहायता योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदकों के पंजीकरण की सुविधा के लिए शिविर का उद्घघाटन किया। धर्मपुरी जिले के लिए इस पंजीकरण शिविर का पहला चरण 25 जुलरई से 4 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा।



**5. हाल ही में भारत की पहली कैनबिस मेडिसिन परियोजना का नेतृत्व कौन कर रहा है?**

(A) जम्मू (B) चेन्नई

(C) हिमाचल प्रदेश (D) नई दिल्ली

**(A)** जम्मू, भारत की पहली कैनबिस मेडिसिन परियोजना का नेतृत्व कर रहा हैं। वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद- भारतीय समवेत औषध संस्थान जम्मू का कैनबिस रिसर्च प्रोजेक्ट भारत में अपनी तरह का पहला प्रोजेक्ट हैं। यह विभिन्न प्रकार की न्यूरोपैथी, मधुमेह रोग आदि के लिए निर्यात गुणवत्ता वाली दवाओं का उत्पादन करने में सक्षम होगी।

BABA PSYCHO

# BABA PSYCHO

**6. हाल ही में सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि योजना के तहत जमा पर ब्याज दर बढ़ाकर कितने प्रतिशत कर दी है ?**

(A) 2.9% (B) 4.5%

(C) 6.45% (D) 8.15%

**(D)** सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि योजना के तहत जमा पर ब्याज दर बढ़ाकर 8.15% कर दी हैं। बढ़ी हुई ब्याज दर वितीय वर्ष 2022-2023 के लिए हैं। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने 8.15% प्रति वर्ष की दर से ब्याज जमा करने के लिए केंद्र सरकार की मंजूरी से ईपीएफओ को अवगत करा दिया हैं।




**7. हाल ही में भारत का कौनसा राज्य गिग वर्कर्स के कल्याण के लिए विधेयक पारित करने वाला देश का पहला राज्य बना है ?**

(A) हरियाणा (B) राजस्थान

(C) उत्तर प्रदेश (D) बिहार

**(B)** राजस्थान सरकार ने राजस्थान प्लेटफॉर्म आधारित गिग वर्कर्स विधेकय, 2023 पेश किया। यह देश का पहला ऐसा विधेयक है, जो गिग श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देने का प्रयास करता हैं। राजस्थान प्लेटफॉर्म बेस्ड गिग वर्कर्स विधेयक, 2023 विधानसभा में रखा गया था।



**8. हाल ही में किस देश के क्रिकेटर लाहिरू थिरिमाने ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है ?**

(A) श्रीलंका (B) जिम्बाबे

(C) वेस्ट इंडीज (D) अमेरिका

**(A)** श्रीलंका के बल्लेबाज लाहिरू थिरिमाने ने 13 साल के करियर के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की हैं। 33 वर्षीय शीर्ष क्रम के बल्लेबाज ने 2010 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और 44 टेस्ट, 127 वनडे और 26 टी 20 आई में श्रीलंका का प्रतिनिधित्व किया।



**9. हाल ही में किसन 8वें और 9वें सामुदायिक रेडियो पुरस्कार प्रदान किए हैं ?**

(A) अमित शाह (B) पीयूष गोयल

(C) अनुराग ठाकुर (D) नरेंद्र मोदी

**(C)** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने नई दिल्ली में भारतीय जन संचार संस्थान में दो दिवसीय क्षेत्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने 8वें और 9वें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कार प्रदान किए। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में हरियाणा, बिहार, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, तमिलनाडु, राजस्थान और त्रिपुरा राज्यों में स्थित सामुदायिक रेडियो स्टेशन शामिल रहे।




**10. हाल ही में न्यायमूर्ति आशीष जितेंद्र देसाई ने किस राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश के रूप में शपथ ली है ?**

(A) असम (B) तेलंगाना

(C) आंध्रप्रदेश (D) केरल

**(B)** राजभवन में आयोजित एक औपचारिक समारोह में न्यायमूर्ति आशीर्ष जितेंद्र देसाई ने केरल उच्च न्यायालय के 38वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश को पद की शपथ दिलाई, जो उनके कार्यकाल की शुरूआत को दर्शाता है।

